# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 19.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्र सरकार एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयकों को आज संयुक्त संसदीय समिति को भेजेगी, हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित।**
2. **जीएसटी काउंसिल की बैठक में केन्द्र सरकार के समक्ष झारखंड रखेगा बकाये राशि की मांग, वित्त मंत्रियों की बैठक में वित्त मंत्री राधाकृश्ण किशोर होंगे शामिल।**
3. **साहित्य अकाडमी ने की 21 भाषाओं में वार्षिक साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2024 की घोषणा, महेश्वर सोरेन को संथाली नाटक रचना सेचर सावंता रेन अंधा मनमी के लिये मिला अवार्ड।**
4. **कृषि और पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा– पशुओं को सड़कों से ले जाने में किसानों की सहुलियत को लेकर सरकार जल्द रोड चार्ट की करेगी व्यवस्था ।**

**और**

5. **महिला क्रिकेट में, भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी–20 श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच आज शाम मुंबई में।**

*****************

एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयकों को केन्द्र सरकार आज 31 सांसदों वाली संयुक्त संसदीय समिति को सौंपेगी। प्रस्तावित समिति में लोकसभा के 21 सदस्य और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल हैं। इन विधेयकों को आधिकारिक तौर पर संविधान का (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 नाम दिया गया है। इधर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर पर टिप्पणी को लेकर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

*****************

जीएसटी काउंसिल की बैठक में केन्द्र सरकार के समक्ष झारखंड बकाये राशि की मांग रखेगा। झारखंड ने केन्द्रीय फोरम में इस मांग को मजबूती के साथ रखने का फैसला लिया है। बीस और 21 दिसंबर को केन्द्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए राजस्थान के जैसमलेर में प्री – बजट बैठक बुलायी है जिसमें सभी राज्यों के वित्त मंत्री शामिल होंगे। इस बैठक में राज्य कें वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी शामिल होंगे ।

*****************

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने खूंटी जिले में कर्रा प्रखंड के जलटंडा पशु बाजार का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने बाजार की व्यवस्थाओं, स्थानीय विक्रेताओं की समस्याओं और बाजार के विकास के लिए आवश्यक सुधार कार्यों का जायजा लिया। स्थानीय किसानों ने कर्रा में कोल्ड चेन स्टोरेज बनाने का प्रस्ताव रखा। जिसपर मंत्री ने कार्रवाई का आश्वासन दिया गया साथ ही जलटंडा पशु बाजार के अलावा जमहार बाजार को भी विकसित करने की बात कही। उन्होंने पशु व्यापारियों को सहूलियत देने के लिए योजनाबद्ध कार्य करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही किसानों को पशुओं की खरीद–बिक्री के लिए रोड चार्ट की व्यवस्था करेगी

*****************

राज्य के श्रम, नियोजन एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा है कि उद्योग और कौशल विकास को सशक्त बनाया जाएगा ताकि मजदूरों का पलायन रोका जा सके। गोड्डा जिले में बसंतराय के मैदान में आयोजित स्वागत समारोह सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में उन्होंने ये बातें कहीं। साहिबगंज में भी मंत्री संजय प्रसाद यादव ने उद्योग विभाग द्वारा किए जा रहे कायों की जानकारी ली.उन्होंने कहा कि .क्षेत्र के मजदूर देश भर में कहीं भी काम कर रहे हैं उनकी सूची बनाई जा रही है। ताकि किसी भी परेशानी में यथाशीघ्र मदद की जा सके।

****************

साहित्य अकादेमी द्वारा 21 भाषाओं में वार्षिक साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2024 की घोषणा की गई जिसमें लेखक महेश्वर सोरेन को संथाली नाटक रचना सेचर सावंता रेन अंधा मनमी के लिये साहित्य एकाडमी अवार्ड से नवाजा गया है।

****************

गुमला जिले में बनाए जाने वाले वाद्य यंत्र मांदर को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से दिल्ली में कल जीआई टैग के होने वाली अंतिम सुनवाई के लिए प्रसिद्ध कारीगरों और विशेषज्ञों की छह सदस्यों की टीम आज रवाना हुई। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यदि इसे जीआई टैग प्राप्त होता है, तो यह न केवल गुमला बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय होगा। यह हमारे कारीगरों के परिश्रम और कौशल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

****************

बोकारो जिले के पिंडराजोड़ा थाना क्षेत्र में हाइवे के किनारे में भारी मात्रा में दवाइयां फेंकी हुई मिली हैं। कुछ दवाइयां ऐसी भी हैं जो अभी एक्सपायर भी नहीं हैं। इस मामले पर ड्रग इंस्पेक्टर ने कहा कि खुले में किसी भी तरह की दवाइयां फेंकना गंभीर बात है। इसकी जांच के बाद दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगी।

****************

देवघर जिले में उपायुक्त विशाल सागर ने मनरेगा और अबुआ आवास योजना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को पुरानी योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा के तहत अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के अलावा, 100 दिन का रोजगार पूरा करने वाले मनरेगा पर आश्रित श्रमिकों को कौशल विकास से जोड़ने पर बल दिया।

****************

दुमका के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में प्रायोजन एवं पालन पोषण देखरेख अनुमोदन समिति की बैठक में जिले में 58 ऐसे बच्चे चिह्नित किए गए हैं, जो अनाथ, एकल अभिभावक और गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। इन बच्चों को स्पॉन्सरशिप स्कीम से कवर किया जाएगा। उपायुक्त के आदेश पर इन सभी बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने के साथ ही इन बच्चों के परिवार को समर्थ करने के लिए सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

****************

दुमका जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमगांव स्थित ग्राहक सेवा केंद्र में बाइक सवार तीन अपराधियों ने 85 हजार रुपये लूट की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान में जुटी है।

****************

खूंटी जिले में पुलिस ने अवैध डोडा लदे दो पिकअप वैन को जब्त किया है। खूंटी थाना क्षेत्र में पकड़े गए दोनों वाहन से कुल 78 बोरों में 1 क्विंटल से अधिक डोडा जब्त किया गया। पुलिस कार्रवाई के दौरान वाहक चालक भागने में सफल रहे। इस संबंध में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

*****************

खूंटी जिले में न केवल पर्यटन स्थलों की भरमार है बल्कि खुली वादियों में जनजातीय पारंपरिक व्यंजनों का स्वादिष्ट जायका भी आप ले सकते हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रही हैं हमारी संवाददाता।

*****************

भारत और वेस्टइंडीज के बीच महिला टी20 क्रिकेट श्रृंखला का तीसरा और आखिरी मैच आज नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में खेला जाएगा। मैच शाम 7 बजे शुरू होगा। दोनों टीम श्रृंखला में 1–1 की बराबरी पर हैं।

********समाप्त********